हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार 16 मई 2026


तापमान

अधिकतम 40 .9 डिग्री
न्यूनतम 18 .8 डिग्री


11 बाढ़ प्रबंधन कार्य पूरे करने के दिए निर्देश





12 जिले में डेंगू के 5 मरीज आए सामने, विभाग अलर्ट पर





## सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में आरपीएस के होनहारों ने फिर छुआ सफलता का शिखर

-10वीं में आरपीएस के 64 विद्यार्थियों ने 99 से अधिक अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठता की पताका लहराई

-जेईई मेन में 54 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर बिखेरी प्रतिभा की चमक


-आरपीएस की स्वाति 99.6, ईप्सा डागा 99.2, अक्षिता धीमान 99, वनीषा जैन 98.8 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं के परिणाम में इंडिया के टॉप रैंकर्स में शामिल -जेईई एडवांस्ड के लिए आरपीएस के 633 में से 456 विद्यार्थियों ने 72 प्रतिशत की सक्सेस रेट से क्वालीफाई किया

महेंद्रगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सर्वोच्चता और गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के लिए विख्यात आरपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने एक बार फिर नया इतिहास रच दिया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में संस्थान के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं, 10वीं और जेईई मेन जैसी चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस वर्ष सीबीएसई के 12वीं के परीक्षा परिणाम में साइंस ( मेडिकल व नॉन मेडिकल), कॉमर्स एवं ह्यूमैनिटीज संकाय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अंकों का शिकार शिखर छुकर आरपीएस का नाम देश में रोशन किया।आरपीएस के सीईओ इंजी. मनिष राव ने बताया कि छात्रा स्वाति सिंह ने 12वीं में 99.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, छात्रा इप्सा डागा ने 99.2 प्रतिशत अंकों लेकर द्वितीय जबकि वनीषा जैन ने 98.8 प्रतिशत का बेहतरीन स्कोर प्राप्त किया। वहीं छात्रा अक्षिता धीमान ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। संस्थान के 22 प्रतिभावान विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक और रिकॉर्ड 153 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया है। इसके अलावा, स्कूल के कुल 458 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर परफेक्ट स्कोर का शिखर छुआ, जो स्कूल के शानदार मार्गदर्शन और बच्चों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है।

**- आरपीएस सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणामों में भी बना सिरमोर**

10 वीं कक्षा में भी प्रथम तीन स्थानों पर आरपीएस के विद्यार्थियों का पूरी तरह कब्जा रहा। समूह में प्रथम स्थान पर दिव्या यादव, अदित्री, अवनी यादव, रिद्धिमा यादव और आदित्य वशिष्ठ ने 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पाया। समूह में द्वितीय स्थान पर ओनवी, संस्कार सिंगला, हेमांश गोला और देवीक मुदगिल ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि तृतीय स्थान पर समर तोमर, दिव्यांश, अविनव, आरोही वैश, वृष्टि, नैतिक गौचर, तनव जैन, अमूल्य बागौतिया और तिक्षा राज यादव ने 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी चमक बिखेरी। विद्यालय की अन्य उपलब्धियों में 64 विद्यार्थियों का 99 प्रतिशत से अधिक व 757 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पूरे भारत में अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा वहीं आरपीएस के 493 विद्यार्थियों का विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि है।

**-आरपीएस का जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई का सक्सेस रेट 72 प्रतिशत**




जेईई मेन में आरपीएस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेईई एडवांस के लिए 72 प्रतिशत सक्सेस रेट से क्वालिफाई करवाकर अपना दबदबा बरकरार रखा। आरपीएस समूह के 633 विद्यार्थियों में से 456 विद्यार्थियों ने 72 प्रतिशत की सक्सेस रेट से क्वालीफाई किया। जेईई मेन 2026 में मयंक कुमार 99.957 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाइल हासिल कर संस्थान का मान बढ़ाया। इनके साथ सुमित यादव 99.92, आर्यन श्योराण 99.89 और विनीत कुमार 99.88 परसेंटाइल के साथ टॉप पांच में जगह बनाई।

आरपीएस समूह की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन से आज यह सिद्ध कर दिया है कि संकल्प यदि दृढ़ हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। विशेषकर 12वीं कक्षा में बेटियों का यह ऐतिहासिक प्रदर्शन नारी सशक्तिकरण की एक जीती-जागती मिसाल है। आरपीएस परिवार प्रत्येक विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य और उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आरपीएस ग्रुप केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि भविष्य के सफल नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने की एक प्रयोगशाला है। हमारे विद्यार्थियों ने न केवल किताबी ज्ञान, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अपनी तार्किक क्षमता का उत्कृष्ट परिचय दिया है। 12वीं, 10 वीं और जेईई के यह परिणाम हमारी आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और शिक्षकों के अथक प्रयासों का ही मधुर फल हैं ग्रुप के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के आपसी सहयोग और अटूट विश्वास का परिणाम है। 12वीं कक्षा के परिणामों ने जिस प्रकार से शैक्षणिक मानकों को नया शिखर दिया है, वह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। आरपीएस समूह निरंतर नवाचार और तकनीक के साथ शिक्षा के स्तर को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करता रहेगा। (ADVT.)


## खबर संक्षेप

### अहीर माजरा से युवक संदिग्ध हालत में लापता

**गन्नौर।** गांव अहीर माजरा से 19 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। युवक के पिता नृत्यगोपाल शर्मा ने पुलिस में शिकायत देकर बेटे की तलाश की गुहार लगाई है। पुलिस को दी शिकायत में नृत्यगोपाल ने बताया कि वह चुलकाना धाम गए हुए थे। इसी दौरान 13 मई की शाम करीब साढ़े छह बजे उनका बेटा विष्णु घर से कहीं चला गया और वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया।

### नकदी व गहने चोरी करने का आरोपी पकड़ा

**सोनीपत।** बहालगढ़ पुलिस ने घर से सोने-चांदी के गहने और नकदी चोरी करने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अरमान निवासी गांव गढ़ मिरकपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार एक महिला ने 23 अप्रैल को शिकायत दी थी कि वह बच्चों के साथ अपने भाई के घर गई हुई थी। अगले दिन लौटने पर घर की अलमारी का लॉकर टूटा मिला और उसमें रखे गहने व नकदी चोरी मिली। पूछताछ में पड़ोसी प्रिंस उर्फ हन्नी पर शक जताया गया था। पुलिस पहले ही मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर चुकी थी। जांच के दौरान अरमान की संलिप्तता सामने आने पर उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

### खरखौदा से व्यापारी लापता, केस दर्ज

**खरखौदा।** शहर की सब्जी मंडी में फल-फ्रूट की दुकान चलाने वाला एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों की शिकायत पर थाना खरखौदा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड नंबर सात निवासी राहुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता महेश मंडी में फल की दुकान लगाते हैं। शाम को वह दुकान से घर नहीं लौटे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शहर की सफाई व्यवस्था पटरी पर लौटी, उठने लगे कूड़े के ढेर

14 दिन बाद काम पर लौटे कर्मचारी, शहर के कई क्षेत्रों में अभी भी सड़ रहा कचरा



सोनीपत। मॉडल टाउन में पार्क के पास लगा कूड़े का ढेर उठाते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सफाई और दमकल कर्मियों की हड़ताल स्थगित होने के बाद शुक्रवार से शहर की सफाई व्यवस्था धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगी। सुबह से विभिन्न क्षेत्रों में कूड़े के ढेर उठाने का कार्य शुरू किया गया, जबकि कई स्थानों पर अब भी कूड़ा उठान का इंतजार करता नजर आया। कर्मचारियों ने सरकार से लंबित मांगों को पूरा करने के आश्वासन के बाद 30 जून तक हड़ताल स्थगित की है।

कर्मचारियों ने कहा कि तय समय तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो दोबारा आंदोलन शुरू किया जाएगा। नगर निगम कार्यालय के बाहर सफाई कर्मी 1 मई से और दमकल कर्मचारी 8 अप्रैल से धरने पर बैठे थे। हड़ताल के चलते शहर के वार्डों और बाजारों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई थी। कई स्थानों पर सड़कों और गलियों में कूड़े के ढेर लग गए थे, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हड़ताल के दौरान कुछ कर्मचारियों ने रेलवे रोड और नगर निगम कार्यालय के बाहर कूड़ा डालकर विरोध प्रदर्शन भी किया था। इसके बाद नगर निगम अधिकारियों की शिकायत पर नगर पालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान समेत 10 कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।



सोनीपत। ओल्ड डीसी रोड पर इंद्रपुरी के पास सड़क पर लगा कूड़े का ढेर।

### हड़ताल खत्म होते ही व्यवस्था संभालने मैदान में उतरे विधायक और मेयर





**सोनीपत।** प्रदेशव्यापी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त होते ही शहर की सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नगर निगम प्रशासन सक्रिय हो गया। नव निर्वाचित मेयर राजीव जैन गुरुवार रात साढ़े नौ बजे ही निगम टीम के साथ सड़कों पर उतर गए और विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान शुरू करवाया।

सबसे पहले रेलवे रोड पर जमा कूड़े का उठान कराया गया। इसके बाद मेयर ने कच्चे क्वार्टर मार्केट का दौरा कर तीन दिनों के भीतर सभी डंपिंग प्वाइंट साफ करने के निर्देश दिए। पिछले 11 दिनों से जारी हड़ताल के चलते शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए थे, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सफाई कर्मचारियों ने दोबारा मेयर बनने पर राजीव जैन का फूल-मालाओं से स्वागत किया। मेयर ने कर्मचारियों को मिठाई वितरित करते हुए सफाई निरीक्षक सुंदर मलिक और कृष्ण कुमार को डंपिंग प्वाइंट्स पर चूना व दवाई का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। वहीं शुक्रवार सुबह विधायक निखिल मदान कालूपुर चुंगी पहुंचे और सफाई कर्मचारियों से मुलाकात कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार और कर्मचारियों के बीच बातचीत के बाद उनकी जायज मांगों को मान लिया गया है। उन्होंने निगम अधिकारियों को अवैध कूड़ा डंपिंग प्वाइंट खत्म करने और नियमित निरीक्षण के निर्देश भी दिए।

## कॉलेज से घर जा रही छात्रा को कैंटर ने टक्कर मारी

■ हादसे में घायल मानसी को उसके चाचा ने राहगीरों की मदद से अस्पताल में पहुंचाया, मौत

**सोनीपत।** गांव कुमासपुर के पास तेज रफ्तार कैंटर की चपेट में आने से कॉलेज से घर लौट रही छात्रा की मौत हो गई। हादसे के समय छात्रा अपने चाचा के साथ पैदल घर जा रही थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कप्तान सिंह ने बहालगढ़ थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके भाई सुभाष की 21 वर्षीय बेटी मानसी मुरथल स्थित कॉलेज में पढ़ाई करती थी।

वीरवार दोपहर वह कॉलेज से लौटकर कुमासपुर पुल के पास मिली, जिसके बाद दोनों पैदल गांव की ओर सड़क किनारे चलने लगे। शिकायत के अनुसार मानसी उनसे कुछ आगे चल रही थी। जब वे फौजी टैंट हाउस के पास पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार में आए कैंटर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क किनारे चल रही मानसी को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। कप्तान सिंह ने बताया कि उन्होंने कैंटर का नंबर नोट कर लिया और राहगीरों की मदद से घायल मानसी को नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## चुलकाना धाम से लौट रहे दंपती की बाइक ट्रक से टकराई

■ उपचार के दौरान प्रवीन की मौत, पत्नी अस्पताल में उपचाराधीन

**गन्नौर।** चुलकाना धाम से दर्शन कर बाइक पर घर लौट रहे दंपती सड़क हादसे का शिकार हो गए। जीटी रोड स्थित मां काली मंदिर के पास हुए हादसे में पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी घायल हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गढ़ी असदपुर, मुरथल निवासी शीला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने पति प्रवीन और बेटे अंशु के साथ 12 मई को चुलकाना धाम दर्शन के लिए गए थे। बुधवार को जब वे बाइक पर वापस लौट रहे थे तो मां काली मंदिर के पास आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे उनकी बाइक ट्रक के पीछे जा टकराई। हादसे में प्रवीन और शीला दोनों घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें नागरिक अस्पताल सोनीपत पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान प्रवीन की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## स्नातक की परीक्षाओं के लिए सुरक्षा प्रबंध कड़े

**सोनीपत।** जिलाधीश नेहा सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक प्रतिबंध लागू किए हैं।

जारी आदेशों के अनुसार एमडीयू रोहतक की परीक्षाएं 15 मई से 30 जून तक जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। परीक्षाएं दो सत्रों में होंगी। पहला सत्र सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक तथा दूसरा सत्र दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों के आसपास नकल, पेपर लीक और कानून व्यवस्था संबंधी समस्याओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। आदेशों के तहत सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध रहेगा।

## नेशनल रैंकिंग रेसलिंग में उमेश ने रजत पदक जीता

**खरखौदा।** उत्तर प्रदेश के नंदिनी नगर, गोंडा में आयोजित नेशनल रैंकिंग रेसलिंग सीरीज प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल के पहलवान उमेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रीको रोमन शैली के 82 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर विद्यालय, क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद विद्यालय पहुंचने पर उमेश कुमार का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के स्पोर्ट्स डायरेक्टर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर सुबोध दहिया तथा कुश्ती कोच प्रदीप, संदीप, अंकित, सोनू और संतोष ने खिलाड़ी को शुभकामनाएं दीं।



## शशि कांता का मरणोपरांत नेत्रदान



**सोनीपत।** महात्मा आशानंद वधवा हिंदू मंच के तत्वावधान में सेक्टर-14 निवासी स्वर्गीय शशि कान्ता रेलन का मरणोपरांत नेत्रदान संपन्न कराया गया। वह पूर्ण चंद रेलन की धर्मपत्नी थीं। निधन के बाद परिवार ने मानव सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेत्रदान का निर्णय लिया। नेत्रदान के लिए मंच के कार्यकर्ता सुरेश रेलन की प्रेरणा तथा महासचिव हरभगवान रहेजा और प्रधान हरिचंद स्नेही के सहयोग से परिवार ने सहमति दी। दिवंगत के देवर जितेंद्र रेलन ने नेत्रदान की औपचारिक अनुमति प्रदान की। इस दौरान प्रशांत रेलन, वेदांत रेलन, अंजली रेलन, रितु रेलन, अरविंद आहूजा और प्रीति आहूजा सहित अन्य परिजन मौजूद रहे।

## भूमि अधिग्रहण का मुआवजा न मिलने पर किसान भड़के, सड़क का निर्माण रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सेक्टर-5 और 6 में स्थित गांव रायपुर के किसानों ने मुआवजा भुगतान में देरी को लेकर एचएसवीपी अधिकारियों के खिलाफ रोष जताते हुए सड़क निर्माण कार्य रुकवा दिया। किसानों ने विभाग पर लापरवाही और जानबूझकर देरी करने के आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि वर्ष 2004 में उनकी जमीन 5 लाख 80 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अधिग्रहित की गई थी। बाद में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मुआवजा बढ़ाकर 326 रुपये प्रति गज तथा 27 रुपये प्रति गज अतिरिक्त देने के आदेश दिए, लेकिन आज तक पूरी राशि जारी नहीं की गई। किसानों के अनुसार भूमि अधिग्रहण के खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी, जिसमें वर्ष 2013 में फैसला उनके पक्ष में आया। इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। किसानों ने बताया कि सभी दस्तावेज जमा करवाने के बावजूद उन्हें वर्षों से विभागीय कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

**आरोप जड़े**

- एचएसवीपी के अधिकारियों पर लगाया लापरवाही का आरोप
- हाईकोर्ट ने किसानों के पक्ष में सुनाया था फैसला, सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा मामला
- दस्तावेज जमा करवाने के बाद भी भटक रहे रायपुर के लोग



सोनीपत। एचएसवीपी खिलाफ नारेबाजी करते किसान।

### मौके पर पहुंचे अधिकारी, जल्द पैसे देने का आश्वासन

प्रेम गौतम ने आरोप लगाया कि करीब 89 लाख रुपये की मुआवजा राशि डेढ़ वर्ष की देरी से दी गई, लेकिन ब्याज नहीं मिला। वहीं एलएसी नंबर 125 और 132 की राशि अब भी लंबित है। किसानों ने पटवारी नवीन कौशिक और कानूनगो जगबीर सिंह पर भी देरी करने के आरोप लगाए। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने जल्द भुगतान का आश्वासन देकर किसानों से सहयोग मांगा। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं मिला तो आंदोलन करेंगे।

## तूड़े के ढेर के नीचे दबने से श्रमिक की मौत

डेयरी में काम करता था उदय, भूसे का ढेर अचानक उसके ऊपर गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

बरोदा रोड स्थित मोर चौक के पास पशु डेरी में काम करने वाले एक श्रमिक की तूड़े के ढेर के नीचे दबने से मौत हो गई।

### जेसीबी के सहायता से शव को बाहर निकाला

काफी देर तक जब श्रमिक नजर नहीं आया तो तूड़े के ढेर को जेसीबी मशीन से हटाया गया। ढेर के नीचे श्रमिक का शव मिला। नागरिक अस्पताल में पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। बिहार के वैशाली जिले के गांव पुरुषोत्तमपुर का 24 वर्षीय उदय तीन-चार माह से मोर चौक के पास पशु डेरी में काम कर रहा था। गुरुवार दोपहर उदय डेरी के पास प्लाट में बनाए गए तूड़े के कूप से पशुओं के लिए भूसा लेने गया था। इसी दौरान अचानक भूसे का बड़ा ढेर खिसक गया और वह उसके नीचे दब गया। डेयरी संचालक की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची।

### पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा

शाम तक उदय डेरी पर नहीं लौटा तो मालिक और अन्य श्रमिकों ने उसकी तलाश शुरू की। कूप के पास भूसा खिसका देखकर आशंका होने पर मशीन से ढेर हटवाया गया और उदय का शव बरामद हुआ। शुक्रवार को पुलिस ने नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजनों को सौंप दिया।






## माधुरी के जन्मदिन पर फिल्म 'मां बहन' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की कॉमेडी फिल्म 'मां बहन' का इंतजार अब खत्म हो गया है। आखिरकार, निर्माताओं ने आज फिल्म 'मां बहन' के टीजर के साथ ही इसकी रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। शुक्रवार को माधुरी दीक्षित के 59वें जन्मदिन पर निर्माताओं ने खासतौर पर फिल्म 'मां-बहन' का टीजर जारी किया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'मां बहन' की रिलीज डेट भी बता दी है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर टीजर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'धक धक हो रहा है? तारीख नोट कर लो। 'मां बहन' 4 जून से केवल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।' यह टीजर 46 सेकंड लंबा है, जिसकी शुरुआत माधुरी और तृप्ति से होती है। दोनों मिलकर एक लाश को ठिकाने लगाने की कोशिश करती हैं, जिसमें उनकी मदद धर्णा दुर्गा करती हैं।

लाइफ Style

## आरती
## श्रीमद् भगवद गीता लेकर कान में छा गईं

कान फिल्म फेस्टिवल 2026 के रेड कार्पेट पर जहां पहले दिन से ही आलिया भट्ट अपने ग्लैमर अवतार में लगातार नजर आ रही हैं वहीं इस वक्त एक और नाम ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। ये हैं आरती खेतरपाल जिन्होंने वृंदावन थीम के साथ वहां रेड कार्पेट पर सबका दिल मोह लिया है। श्रीमद् भगवद गीता के साथ काम फिल्म फेस्टिवल में उनकी एंट्री ने अब खूब तलहका मचा दिया है। हर तरफ उनकी जोर-शोर से चर्चा चल रही है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

आरती खेतरपाल मूल रूप से भजन सिंगर हैं। साल 2018 में मीका सिंह के गाने 'समा' में नजर आईं और इससे उन्हें पहचान भी मिली। वो वृंदावन में रहकर भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता से जुड़ी बातें शेयर करती रहती हैं। इसके अलावा कुतुब मीनार, रागिनी एमएमएस रिटर्न्स, प्यार इश्क रेंट, मुस्कुराहटें, इनसाइड ऐज जैसे शोज में नजर आईं। कान के रेड कार्पेट पर भारतीय परंपरा, सनातन धर्म , वृंदावन की झलकियां, श्रीमद् भगवद गीता , मंत्र जाप की थेली, हरे कृष्णा मंत्र जैसी चीजों को अपने में समेटे हुए आरती ने एक मिसाल कायम कर दी। इस बार इस इवेंट में कुछ ऐसा हुआ जो इससे पहले कभी नहीं हुआ। बता दें कि आरती का ये अंदाज किसी फैशन को लेकर नहीं बल्कि ये चीजें उनकी आस्था और विश्वास को बयां कर रहे थे। उनके हाथ में भगवद गीता था जो काफी अर्थपूर्ण लग रहा था। आरती इस ग्लैमरस मौके पर आध्यात्मिक भाव से भरी दिखीं जैसे वो यहां सनातन धर्म को प्रतिनिधित्व कर रही हों। आरती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है, 'और फिर कान के इतिहास में पहली बार उन्होंने वैष्णवों और कृष्ण को समर्पित एक भेंट के रूप में गर्वपूर्वक कान के रेड कार्पेट पर सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया। यह ईश्वर में विश्वास रखने वाले हर इंसान के लिए है।' पोस्ट में आगे लिखा गया है, 'हमारे सभी गुरुओं और संतों को, जो हमें जप करना सिखाते हैं।



## हॉलीवुड मसाला




## द बैटमैन 2 में स्कारलेट सेबेस्टियन शामिल

**लॉस एंजिल्स।** निर्देशक मैट रीव्स ने द बैटमैनः पार्ट 2 की कास्ट में कई नए कलाकारों के शामिल होने की पुष्टि की है। ये घोषणाएं सोशल मीडिया पर की गईं, जहां रीव्स ने स्कारलेट जोहानसन, सेबेस्टियन स्टेन और चार्ल्स डांस का गोथम यूनिवर्स में स्वागत किया। यह घोषणा उन खबरों के सामने आने के कुछ महीनों बाद आई है जिनमें कहा गया था कि जोहानसन (ब्लैक विडो) और सेबेस्टियन स्टेन (द अप्रेंटिस) इस सीक्वल में रॉबर्ट पैटिनसन के साथ जुड़ेंगे। खबरों के मुताबिक, स्टैन हार्वे डेंट का किरदार निभाएंगे, जबकि जोहानसन कथित तौर पर उनकी पत्नी गिल्डा का किरदार निभाएंगी। यह मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में विंटर सोल्जर और ब्लैक विडो का किरदार निभाने वाले सितारों का रियूनियन होगा। वहीं दूसरी ओर, डांस हार्वे के पिता चार्ल्स डेंट का किरदार निभाएंगे।



## बारबरा ने की प्रेगनेंसी की घोषणा, पति डेलन भी दिखे साथ

**पेरिस।** मॉडल बारबरा पेल्विन और उनके पति, अभिनेता डेलन स्प्राउस ने अपनी पहली गर्भावस्था की खुशखबरी का ऐलान कर दिया है। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर उन्होंने इसकी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने साशेल मीडिया हैंडल पर भी एक खास पोस्ट शेयर किया है। गुरुवार को बारबरा और उनके पति डेलन कान 2026 के रेड कार्पेट पर पहुंचे। बारबरा हल्के नीले सैटिन गाउन में बहुत खूबसूरत लग रही थीं। उनके पति डेलन क्लासिक टक्सीडो में हैंडसम दिख रहे थे। दोनों ने बारबरा के बेबी बंप को प्यार से सहलाते हुए तस्वीरें खिंचवाईं। बारबरा ने इंस्टाग्राम पर अपनी प्रेगनेंसी की खुशखबरी शेयर की है। बारबरा ने इस पोस्ट में अपने बच्चे की सोनोग्राफी (अल्ट्रासाउंड) की तस्वीर भी शेयर की है। बारबरा और डेलन को कई सेलेब्स बधाई दे रहे हैं। बारबरा और डेलन की पहली मुलाकात 2017 में एक पार्टी के दौरान हुई थी। बाद में बारबरा ने डेलन को इंस्टाग्राम पर फॉलो किया और बातचीत शुरू हो गई। 2018 में डेलन चीन शूटिंग के लिए गए थे। बारबरा उनसे मिलने चीन चली गईं। 2018 जून में दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी और रिश्ते को सार्वजनिक भी किया। जनवरी 2019 में दोनों एक साथ रहने लगे। जुलाई 2023 में बुडापेस्ट के एक चर्च में दोनों ने शादी कर ली।



## रूपी ने कान फिल्म फेस्टिवल में बिखेरा जलवा

**मुंबई।** पंजाबी अभिनेत्री रूपी गिल ने कान फिल्म फेस्टिवल 2026 के रेड कार्पेट पर बहुत खूबसूरती से एंट्री की। उन्होंने पंजाबी सिनेमा का प्रतिनिधित्व किया और अपनी आने वाली फिल्म 'चढ़दी कला' का प्रचार किया। यह फिल्म 29 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कान 2026 में रूपी गिल पारंपरिक पंजाबी कपड़ों में सजी हुई नजर आईं। उन्होंने हल्के क्रीम रंग (आइवरी) का शरारा सेट पहना है। इसमें छोटा कुर्ता और घेरदार शरारा पैंट है, जिस पर सोने के रंग की सुंदर कढ़ाई और प्रिंटिंग की गई है। इस पंजाबी लुक में सबसे खास रूपी का फुलकारी स्टाइल का आइवरी दुपट्टा लगा, जिसके किनारों पर भारी सोने की कढ़ाई है। उन्होंने दुपट्टा पारंपरिक पंजाबी तरीके से सिर पर ओढ़ रखा है। उन्होंने इस लुक को पारंपरिक गहनों से पूरा किया।




## गुजराती फिल्म लालो ने रचा इतिहास

**मुंबई।** गुजराती फिल्म 'लालो- कृष्ण सदा सहायते' ने कान फिल्म फेस्टिवल में इतिहास रच दिया है। यह उन पहली गुजराती फिल्मों में से एक बन गई है जो ग्लोबल लेवल पर पहुंची है। यह फिल्म भारत की क्षेत्रीय कहानियों को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक ले गई है। कान में 'लालो' का पहुंचना गुजराती सिनेमा के लिए मील का पत्थर है। फिल्म की कामयाबी और ग्लोबल पहचान के लिए आभार व्यक्त करते हुए, निर्माताओं ने इस पूरे सफर के दौरान सपोर्ट देने के लिए दर्शकों को धन्यवाद कहा है। फिल्म के निर्देशक अंकित सखिया ने एक बयान में कहा 'कान फिल्म फेस्टिवल में 'लालो' की अगुआई करना हमारे लिए गर्व की बात है। हमारा मानना है कि हमारी भाषा, हमारी संस्कृति और यह फिल्म ही हमें यहां तक लाई है। हमें 'लालो' के जरिए गुजरात और उसकी संस्कृति का एक छोटा सा हिस्सा ग्लोबल स्तर पर ले जाने का सम्मान मिला है।

## टीवी मसाला



## ओटीटी पर एक नए ट्विस्ट के साथ रिलीज होगी धुरंधर 2

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर 2' ने बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। यह 1000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है। अब भी यह भी फिल्म सिनेमाघरों में मौजूद है, इसे रिलीज हुए 57 दिन हो चुके हैं। जल्द ही यह ओटीटी पर भी स्ट्रीम होगी। लेकिन, एक नए ट्विस्ट के साथ फिल्म 'धुरंधर 2' ओटीटी पर दर्शकों को देखने को मिलेगी। धुरंधर 2' जल्द ही जीयोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। 4 जून को इसका डिजिटल प्रीमियर होगा, इसमें एक्टर्स से बातचीत भी शामिल होगी। अगले दिन यानी 5 जून को यह इस प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। दर्शकों को ओटीटी पर 'धुरंधर 2' का बिना काट-छांट वाला वर्जन देखने को मिलेगा। जो सीन्स थिएटर में दर्शकों को देखने को नहीं मिले, वह ओटीटी पर नजर आ सकते हैं। फिल्म 'धुरंधर 2' को सिनेमाघरों में 57 दिन हो चुके हैं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है। इसने 57वें दिन 42 लाख रुपये कमाए हैं। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 1,144.56 करोड़ रुपये हो चुका है। यह बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। वहीं वर्ल्डवाइड भी इस फिल्म ने 1,846.92 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, आर. माधवन, गौरव गेरा, राकेश बेदी, संजय दत्त जैसे उम्दा कलाकार नजर आए। फिल्म को आदित्य धर ने निर्देशित किया था। इस फिल्म का पहला पार्ट भी दर्शकों को पसंद आया था।

## अनदेखी में नजर आ रहीं लवीना

**नई दिल्ली।** जोधा अकबर टीवी का पॉपुलर शो है, जिसने दो साल में फैंस के दिलों पर राज किया। इस शो को एकता कपूर ने बालाजी टेलीफिम्स के जरिए प्रोड्यूस किया। वहीं, रजत टोकस ने अकबर की भूमिका अदा की और परिधि शर्मा ने जोधा बाई का किरदार निभाया।



इसके अलावा एक्ट्रेस लवीना टंडन भी जोधा अकबर शो में नजर आईं। उन्होंने अकबर की पहली पत्नी रुकैया सुल्तान बेगम का किरदार निभाया। वह इस किरदार में खूब पॉपुलर हुईं। जबकि स्माइली सूरी ने उनसे पहले कुछ एपिसोड में रुकैया बेगम का किरदार निभाया था। लवीना टंडन टीवी की दुनिया से भले ही दूर हैं। लेकिन, ओटीटी पर इन दिनों वह छाई हुई हैं। वह अनदेखी और लुक्खे में नजर आ रही हैं। अनदेखी में उनका किरदार एक पुलिसवाली का किरदार निभाती नजर आ रही हैं। जबकि लुक्खे में उनका किरदार काफी अलग है. वह गालियां देती, ड्रग्स बेचती और बंदूक चलाती दिख रही हैं। लवीना टंडन ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट टीवी की दुनिया में कदम रखा था। वह 2004 में तुम बिन जाऊं कहां से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा।

## अक्षय के डायलॉग से लेकर सुनील की कॉमेडी ने मचाया धमाल

**मुंबई।** इस साल की मोस्ट अवेटेड कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ऑफिशियल टीजर आज रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार की परफेक्ट कॉमेडी और बाकी सितारों के कॉमिक अंदाज से भरपूर यह टीजर एक शानदार फैमिली एंटरटेनर है। आखिरकार, शुक्रवार को अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ऑफिशियल टीजर जारी कर दिया गया है। अक्षय कुमार की जबरदस्त कॉमेडी और बाकी सितारों के मजेदार अंदाज से भरा यह टीजर पूरे परिवार के लिए बहुत अच्छा मनोरंजन है। टीजर की शुरुआत अक्षय कुमार के एक मजेदार डायलॉग से होती है। वे कहते हैं, 'सूचना- इस फिल्म में किसी भी जानवर का इस्तेमाल नहीं किया गया है, सिवाय कुछ घोड़ों के और हम...।' 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर में बहुत हंसी-मजाक है। सबसे ज्यादा मजेदार अक्षय कुमार के डायलॉग हैं। सुनील शेट्टी जब अक्षय पर गोली चलाते हैं और उनसे पूछते हैं, 'तू मरता क्यों नहीं?' तब अक्षय कहते हैं- 'मैं मरने में जान डाल रहा हूं।' फिल्म के टीजर में कॉमेडी, कन्फ्यूजन और अफरा-तफरी से भरा माहौल दिखाया गया है, जहां हर मोड़ पर हंसी का धमाका देखने को मिलता है। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में कुल 34 कलाकार हैं। मुख्य कलाकारों में शामिल हैं- अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी,



दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जॉनी लीवर, तुषार कपूर और राजपाल यादव। यह फिल्म 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान ने किया है। इस फिल्म को राकेश डांग, वेदांत विकास बाली और फिरोज ए. नाडियाडवाला ने मिलकर निर्मित किया है।

## इस एक्ट्रेस ने किया 2500 से ज्यादा फिल्मों में काम

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा में कई मल्टी टैलेंटेड स्टार रहे हैं, लेकिन किसी एक्ट्रेस का मल्टी टैलेंटेड होना और 2 हजार से ज्यादा फिल्मों में नजर आना किसी अजूबे से कम नहीं है। इतना ही नहीं, ब्रह्मानंदम ने भी 1000 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है, लेकिन 2000 से ज्यादा का आंकड़ा सिर्फ एक एक्ट्रेस ने ही छुआ है और उनका नाम है- सुकुमारी। सुकुमारी ने ना सिर्फ अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाईं ,बल्कि अपने 6 दशक से ज्यादा के कॅरियर में तकरीबन 2500 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। एक्ट्रेस ने अपनी मर्जी से डिक अम्माई (बोइंग बोइंग) से देवकी (अरप्पट्टा केट्टिया ग्रामथिल) का रूप धर सकती थीं। उनके लिए, रेवती (पूचक्कोरू मूककुथी) से सुलोचना थंकप्पन (थलयनामंत्रम) तक का सफर उतना ही आसान था, जितना मैगी आंटी (वंदनम) से कन्नप्पा चेकावर की पत्नी (ओरु वडक्कन वीरगाथा), सुभद्रा कुंजम्मा (चक्कीकोथा शंकरन), और नबीसा (मिझिकल साक्षी) तक का सफर।

### मुश्किल है ये रिकॉर्ड तोड़ना



**एक्ट्रेस की फिल्म देखने में लगेंगे 6 साल** : दिलचस्प बात है कि अगर आज से हम रोज सुकुमारी की एक फिल्म देखें तो उन्हें निपटाने में लगभग 6 साल का टाइम लग जाएगा। एक्ट्रेस ने मलयालम से लेकर तमिल, तेलुगु, ओड़िया, बंगाली और हिंदी फिल्मों में भी काम किया है।

### 10 साल की उम्र में बड़े पर्दे पर शुरुआत की

6 अक्टूबर, 1940 को जन्मी सुकुमारी ने महज 10 साल की उम्र में तमिल फिल्म 'ओर इरावु' (1951) से बड़े पर्दे पर अपनी शुरुआत की। निर्देशक पी. नीलकांतन ने उन्हें इस फिल्म में एक भूमिका का प्रस्ताव दिया, जब संयोगवश वे अपने एक रिश्तेदार- दिग्गज अभिनेत्री पद्मिनी ('त्रावणकोर सिस्टर्स' तिकड़ी में से एक) के साथ फिल्म के सेट पर मौजूद थीं और निर्देशक की नजर उन पर पड़ गई। डांस के लिए उनके जुनून और उनकी स्वाभाविक एक्टिंग स्टाइल ने उन्हें बहुत जल्द ही फिल्म जगत में एक प्रमुख हस्ती बना दिया। सुकुमारी एक बेहतरीन एक्टर तो थी ही साथ ही वे एक कमाल की डांसर भी थीं। भरतनाट्यम और कथकली पर उनकी अच्छी पकड़ थी। उनके आंखों के एक्सप्रेशन दर्शकों को दिल जीत लेते थे।

ऐसे सिंगर थे जिनकी आवाज सबके दिलों को छू देती थी

## इस दर्दभरे गाने के लिए रफी को लेने पड़े थे 47 रीटेक

**नई दिल्ली।** मोहम्मद रफी एक ऐसे सिंगर थे जिनकी आवाज सबके दिलों को छू देती थी और सबको अपना दीवाना बना देती थी। आज तक उनके कुछ प्यार और दर्द भरे ऐसे गाने हैं जो जेन जी जनरेशन तक सुनती है और उसको अपनी लाइफ से रिलेट भी करती है। रफी साहब की आवाज की एक खास बात यह थी कि ऐसा लगता था कि वह सामने बैठकर आपके दिल का हाल बयां कर रहे हैं। वैसे तो मोहम्मद रफी पहले ही टेक में बड़े से बड़ा गाना गा देते थे, लेकिन एक ऐसा गाना था जिसे गाते हुए वह संतुष्ट ही नहीं हो रहे थे और इसके लिए उन्होंने 47 रीटेक तक ले लिए थे।

### एसडी बर्मन की तबीयत बिगड़ गई थी

बता दें कि फिल्म के बनते वक्त एसडी बर्मन की तबीयत बिगड़ गई थी। देव आनंद हालांकि एसडी बर्मन के साथ ही म्यूजिक डायरेक्ट करवाना चाहते थे इसलिए उन्होंने उनके ठीक होने का इंतजार किया और जैसे ही वह ठीक हुए इसके बाद उन्होंने कम्पोजिशन शुरू किया और फिर बेस्ट म्यूजिक दिया।




### 2 भाषा में बनी थी यह फिल्म

गाइड फिल्म की बात करें तो यह देव आनंद की पहली कलर फिल्म थी। दिलचस्प बात यह है कि यह मूवी 2 भाषा में बनी है हिंदी और इंग्लिश वर्जन में। देव आनंद के छोटे भाई विजय आनंद ने इंग्लिश वर्जन लिखा था राइटर पर्ल एस बक के साथ और डायरेक्ट टेज डैनियलवेस्की ने किया है। हालांकि इंग्लिश वर्जन को ज्यादा हाइप नहीं मिला यहां, लेकिन 2007 कान फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीन होने के बाद इसे पॉपुलैरिटी मिली। हालांकि, काफी मुश्किल था इस फिल्म को बनाना। ऐसा कहा जाता है कि पहले मेकर्स ने सोचा कि एक ही लोकेशन पर पहले हिंदी भाषा में शूट किया और फिर वहीं पर इंग्लिश भाषा में। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं और फिर अलग-अलग शूटिंग की गई।

### रफी साहब के अवॉर्ड्स

मोहम्मद रफी ने अपने करियर में 7000 से ज्यादा गाने गाए हैं जिसमें से 14 इंडियन और 4 विदेशी गाने हैं। उनकी आवाज ने कई एक्टर्स को अपनी आवाज दी है और उनके करियर को नई पहचान दिलवाई है। इतना ही नहीं, रफी साहब को अपनी जादुई आवाज के लिए कई अवॉर्ड्स जीते हैं जिसमें 6 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स और पद्मश्री अवॉर्ड भी जीते हैं।

### गाइड फिल्म का दर्दभरा गाना

जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है 'दिल ढल जाए'। यह गाना गाइड फिल्म का है, जिसे मोहम्मद रफी ने गाया है। इस गाने के म्यूजिक डायरेक्टर एसडी बर्मन हैं। वहीं, शैलेंद्र ने लिरिक्स लिखे हैं।

### दिल टूटने पर बना है यह गाना

दिल ढल जाए गाना दिल टूटने के दर्द पर आधारित है। इस गाने में देव आनंद के साथ वहीदा रहमान थीं। रफी साहब ने जब यह गाना गाया तो सबको काफी अच्छा लगा। एसडी बर्मन ने तो पहले ही टेक में उन्होंने पसंद कर लिया था। लेकिन, रफी को लगा कि यह परफेक्ट नहीं है। रफी साहब ने फिर 2-4 नहीं बल्कि 47 रीटेक लिए। इसके बाद जाकर उन्हें लगा कि उन्होंने कुछ परफेक्ट किया है, तब यह गाना फाइनल हुआ। जब यह गाना बन गया तब एसडी बर्मन ने उन्हें गले लगाकर कहा कि तुमने हिंदी सिनेमा को एक अमर गीत दिया है।

### धुन बनाना भी था काफी मुश्किल

वैसे ऐसा भी कहा जाता है कि इस गाने की धुन को बनाना भी आसान नहीं था। एसडी बर्मन ने बेटे आर डी बर्मन और संगीतकार जयदेव ने देर रात 11 बजे तक काम किया था।

# एमडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

# 41 में से 32 छात्रों ने पाई मेरिट, प्रिंसी 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ अव्वल

विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

एमडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक जोगिंदर सिंह मलिक और प्राचार्य अंजु मलिक ने बताया कि विद्यालय के कुल 41 विद्यार्थियों में से 32 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। इनमें पांच विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, जबकि 20 विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए। इसके अलावा सात विद्यार्थियों ने 75 से 80 प्रतिशत के बीच अंक अर्जित कर बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय में प्रिंसी पुत्री चांद सिंह ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। खुशी पुत्री नीरज ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, दीपांशु पुत्र बलजीत ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुस्कान पुत्री वीरेंद्र ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान तथा रितिका पुत्री जसवंत सिंह ने 91.6 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। अंशिका पुत्री संदीप और पायल पुत्री विजेंद्र ने संयुक्त रूप से 89.4 प्रतिशत अंक लेकर छठा स्थान हासिल किया, जबकि योगिता पुत्री अशोक ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



गन्नौर। प्रबंधक जोगिंदर सिंह मलिक और प्राचार्य अंजु मलिक मेधावी छात्रों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## चाइल्ड केयर स्कूल खिजरपुर अहीर का परिणाम शानदार



गन्नौर। चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल, खिजरपुर अहीर का दसवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त कर विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय पहुंचने पर विद्यार्थियों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। स्कूल। के निदेशक अजय यादव ने बताया कि सफल विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने अध्यापकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। विद्यालय के अध्यापकों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत और अनुशासन के बल पर विद्यार्थी जीवन में बड़ी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ और अभिभावकों ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## गेटवे के सात्विक ने हासिल किए 95.6 प्रतिशत अंक

■ विज्ञान, वाणिज्य और कला वर्ग के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बढ़ाया मान

सोनीपत। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत का सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय प्रबंधन ने इसे विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। विज्ञान वर्ग में सात्विक शर्मा ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम और जिला स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया। निशिका तुशीर ने 89 प्रतिशत तथा खिलेश वर्मा ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाणिज्य वर्ग में रक्षित सरोहा ने 94 प्रतिशत अंक लेकर पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि उत्तम खत्री और अवनी देवेश्वर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। कला वर्ग में पायल जैन ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य प्रेम कुमार ओझा और स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।


सोनीपत। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## एस-7 में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

सोनीपत। सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (एस-7) में 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यार्थियों ने अनुशासन, मेहनत और समर्पण के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। निधि और साक्षी ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा प्राची ने 92.6, हन्नी 92.2, निखिल, रिया और प्राची ने 90.6, शिवानी 90, अवनी और प्रीती ने 89, चेतना 87, मोक्षधा 85.2, तमन्ना 84.8, भविष्य 84.2, चंचल 84, सुकीर्ति 81.4 तथा जानवी ने 80.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय परिसर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। विद्यार्थियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. अंकुर रोहिल्ला, मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा, मैनेजर सुखप्रिय शास्त्री और निदेशक दीपक ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



# आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल रोहणा का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10 वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रोहणा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। दोनों कक्षाओं परिणाम शत - प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा में मुस्कान ने 468 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान और 10वीं कक्षा में प्रियंका ने 486 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10 वीं कक्षा में संस्कृत विषय में पॉच छात्राओं- प्रियंका, वर्षा, तमन्ना, खुशी व इशु ने 100 अंक प्राप्त किए। वहीं, अंशिका ने सामाजिक विज्ञान में 100 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा विद्यार्थियो ने विभिन्न विषयों में उच्च अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या नवीता ने सफल विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा विद्यार्थियों की यह सफलता निरंतर परिश्रम, सकारात्मक सोच एवं विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का परिणाम है। विद्यालय के संचालक वेदप्रकाश आर्य ने कहा कि इस कामयाबी में विद्यार्थियों का पुरुषार्थ एवं शिक्षकगणों का समर्पित मार्गदर्शन ही विद्यालय की सफलता का आधार बना। वेद के मंत्र 'चरैवेति चरैवेति' के माध्यम से जीवन में हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।


खरखौदा। प्रबंधन के साथ परीक्षा में उत्तीर्ण आर्य स्कूल के विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप



### भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर मनाई खुशी

राई। नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला उपाध्यक्ष मनोज त्यागी ने नव-निर्वाचित मेयर और पार्षदों को जीत की बधाई दी। इस अवसर पर मनोज त्यागी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता माईराम कौशिक के आवास पर पहुंचकर उन्हें मिठाई खिलाई और भाजपा की शानदार जीत पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रदेश सरकार की जनहितकारी नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। मनोज त्यागी ने कहा कि नगर निगम चुनाव में मिली यह ऐतिहासिक सफलता जनता के भाजपा पर बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।



### उत्कृष्ट प्रदर्शन पर टॉपर अनन्या सम्मानित

गोहाना। एचबीएसई कक्षा 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना ने अपनी मेधावी छात्रा अनन्या पुत्री विनोद कुमार को शुक्रवार को सम्मानित किया। अनन्या ने 500 में से 488 अंक हासिल किए हैं। सम्मान समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। प्राचार्य डॉ. सचिन के अनुसार अनन्या ने परीक्षा में अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर न केवल विद्यालय अपितु पूरे गोहाना क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। परीक्षा में विद्यालय की छात्रा दीपिका पुत्री रमेश और छात्र यश पुत्र नरेश कुमार ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में प्राची पुत्री सोनू, तान्या पुत्री सुरेंद्र, अंश पुत्र रविंद्र सिंह तथा यश पुत्र सुनील विद्यालय में संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।

### सुखदेव थापर को 119वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी

गोहाना। सेक्टर-7 स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में शुक्रवार को आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के बैनर तले सुखदेव थापर की 119वीं जयंती मनाई गई। समारोह में सुखदेव थापर को याद करते हुए नमन किया। मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक जयपाल माथुर ने कहा सुखदेव थापर भारत के महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी थे। अंग्रेजी हुकूमत को अपनी क्रांतिकारी गतिविधियों से दहला देने वाले सुखदेव ठाकुर का जन्म 15 मई 1907को पंजाब के लुधियाना में हुआ जिन्होंने भगत सिंह राजगुरु के साथ मिलकर नौजवान भारत सभा की स्थापना की। जयंती समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत अध्यापक रामचंद्र मलिक ने की। कहा 1928 में लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेने में सुखदेव थापर ने प्रमुख भूमिका निभाई। 23 मार्च 1931 को शिवराम राजगुरु और भगत सिंह के साथ इन्हें फांसी दे दी गई। भारत की आजादी के लिए सुखदेव थापर ने अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। मार्गदर्शन मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी का रहा। मौके पर सुरेश पंवार, रणवीर राठी, मुख्तार सिंह दांगी, कृष्ण लाल पांचाल, राजपाल राठी, हवा सिंह, प्राचार्या अनीता दूहन, सुनीता देवी व अत्रावती देवी उपस्थित रहे।



### मनरेगा बहाली के लिए किया प्रदर्शन

गोहाना। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के बैनर तले गांव बुटाना के मनरेगा मजदूरों ने गांव की सरपंच को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वीबी जीरामजी योजना को रद्द करके मनरेगा को बहाल करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने से पहले समिति के प्रतिनिधियों और मनरेगा मजदूरों ने मनरेगा को बहाल करवाने के लिए प्रदर्शन किया। समिति की अध्यक्ष शीला बुटाना ने कहा कि वीबी जीरामजी योजना को रद्द करवाने के लिए मनरेगा संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर देशव्यापी हड़ताल की गई है। इस हड़ताल का समर्थन करते हुए अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के प्रतिनिधियों और मनरेगा मजदूरों ने प्रदर्शन करते हुए वीबी जीरामजी योजना को रद्द करके मनरेगा को बहाल करने की मांग की है। समिति सचिव सृजावती ने कहा कि मनरेगा मजदूरों को साल में कम से कम दो सौ दिन का रोजगार दिया जाए और 7 सौ रुपये मजदूरी दी जाए। सुरजमुखी, रेखा, बीरमति, आशा, प्रेम और कृष्णा ने कहा कि मजदूरों को मजदूरी का भुगतान व हाजिरी के लिए इस्तेमाल तकनीकों को वापस लिया जाए। इन तकनीकों से काफी मजदूर काम से बाहर किए जा रहे हैं। बेदो, संतरा, सूरजमुखी, सुरेखा, अनीता, रेखा, प्रेम, आशा, अनीता, प्रोमिला, सुखपति, मीरा व अनिता उपस्थित रहे।

# विधायक इंदुराज ने ड्रेनों के सफाई कार्य की रिपोर्ट ली

20 जून से पहले ड्रेनों की सफाई करवा दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना



बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल ने शुक्रवार को गोहाना में सोनीपत मार्ग स्थित सिंचाई विश्राम गृह में सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। विधायक ने बैठक में क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था की समीक्षा के साथ ड्रेनों के सफाई कार्य की रिपोर्ट ली। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश के मौसम से पहले जल निकासी की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं।

विधायक के अनुसार बरोदा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 36 ड्रेनों का सफाई कार्य चल रहा है। अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार अब तक करीब 20 प्रतिशत सफाई कार्य पूरा हो चुका है तथा 20 जून से पहले सभी ड्रेनों की सफाई पूर्ण करवा दी जाएगी। विधायक ने कहा कि ड्रेनों की सफाई व जल निकासी की अन्य व्यवस्थाओं को लेकर कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। वे स्वयं प्रत्येक ड्रेन पर पहुंचकर सफाई कार्य का निरीक्षण करेंगे। ट्राई ड्रेन नंबर-3 की सफाई कार्य को गति देने के लिए मुंडलाना गांव में एक अतिरिक्त मशीन लगाई जाएगी। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता सिविल प्रशांत, कार्यकारी अभियंता मैकेनिकल राजेश भारद्वाज, कार्यकारी अभियंता कंस्ट्रक्शन गुलशन, एसडीओ अक्षय, एसडीओ प्रियव्रत, एसडीओ कुलदीप, एसडीओ परमजीत, एसडीओ योगेश व एसडीओ विशाल उपस्थित रहे।

# खेत मजदूर यूनियन- नौजवान सभा ने मनरेगा बहाली को लेकर सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर


गन्नौर। मनरेगा मजदूरों की देशव्यापी हड़ताल का समर्थन में कामरेड ज्ञापन देते हुए।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई), खेत मजदूर यूनियन और नौजवान सभा के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को गन्नौर एवं मुरथल ब्लॉक के दर्जनों गांवों में मनरेगा मजदूरों की देशव्यापी हड़ताल का समर्थन करते सरपंचों को महामहिम राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र सौंपे। मांगपत्र के माध्यम से मनरेगा योजना को पूर्व की तरह मजबूत रूप में लागू करने तथा वीबीजीरामजी योजना को रद्द करने की मांग उठाई गई। इस दौरान सीपीआई के राज्य सचिव एवं बीकेएमयू के प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड दरियाव सिंह कश्यप, प्रदेश सह सचिव कामरेड सत्येन्द्र गिरी एडवोकेट, राज्य सचिव सतबीर कश्यप, जिला प्रधान कृष्ण गिरी और जिला सचिव ओमबीर गोस्वामी ने कहा कि लंबे संघर्षों के बाद यूपीए-1 सरकार के दौरान मनरेगा कानून लागू किया गया था, जिसने ग्रामीण मजदूरों को रोजगार की गारंटी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि नई योजनाओं के माध्यम से मनरेगा की मूल भावना को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण मजदूरों को प्रत्येक वर्ष 200 दिन का रोजगार और प्रतिदिन 700 रुपये मजदूरी दी जाए। मांग पत्र सौंपने वालों में अनिल कुमार, भूपेंद्र खत्री, धर्मेंद्र कुमार, नरेंद्र अंतल, राकेश कुमार, रामकरण कश्यप, शिव कुमार, बेगराज खोकर, ज्योति नायक, जयभगवान छिक्कारा और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ढैंचा व मूंग की फसल की बिजाई का फिजिकल वेरिफिकेशन किया



गोहाना। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गोहाना के एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को विभाग की टीम ने गांव निजामपुर, कथूरा और ईशापुर खेड़ी के खेतों में जाकर ढैंचा और मूंग की फसल की बिजाई का फिजिकल वेरिफिकेशन किया। किसानों द्वारा अपने खेतों में हरी खाद के लिए ढैंचा और मूंग की बिजाई की गई है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा के अनुसार राज्य सरकार द्वारा आरकेवीवाई योजना के अंतर्गत हरी खाद के बढ़ावा दिया जा रहा है। ढैंचा की बिजाई के लिए गोहाना खंड से 1397 किसानों द्वारा 12 हजार 425 एकड़, मुंडलाना खंड में 577 किसानों द्वारा 5412 एकड़ और कथूरा खंड में 434 किसानों द्वारा 3762 एकड़ जबकि मूंग की बिजाई के लिए गोहाना खंड में 370 किसानों द्वारा 1875 एकड़, मुंडलाना खंड में 143 किसानों और कथूरा खंड में 125 किसानों द्वारा पंजीकरण करवाया गया है। शुक्रवार को खेतों में जाकर ढैंचा और मूंग की बिजाई का फिजिकल वेरिफिकेशन किया गया। एसडीओ ने कहा कि रासायनिक खादों के अधिक इस्तेमाल से जमीन में जैविक कार्बन की कमी होती जा रही है। भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए हरी खाद का इस्तेमाल बहुत आवश्यक है। किसान हरी खाद के लिए खेतों में ढैंचा और मूंग की बिजाई करें। इस अवसर पर बीईओ डॉ. कुलदीप, बीईओ डॉ. संजीत, एटीएम मुकेश, किसान अंजीत मलिक और राहुल मलिक उपस्थित रहे।

## डाटा समय पर अपलोड करने के निर्देश

सोनीपत। उपायुक्त नेहा सिंह ने जल संरक्षण और कृत्रिम भूजल पुनर्भरण से जुड़े सभी कार्यों का डाटा निर्धारित समय सीमा में जेएसजेबी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। एचएसवीपी, नगर निगम, पंचायती विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से अभियान को गंभीरता से लागू करने को कहा। शुक्रवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ बैठक कर जल संचय जन भागीदारी 2.0 अभियान की समीक्षा की। इसके बाद उपायुक्त नेहा सिंह ने कैंप कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चल रहे जल संरक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसमें आमजन की भागीदारी भी जरूरी है। बैठक में एडीसी अजय चोपड़ा, डीडीपीओ मनीष मलिक मौजूद थे।

**हड़ताल** नियमित करने, 26 हजार वेतन लागू और समय पर भुगतान की मांग

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने डीसी कार्यालय पर दिया धरना

सफाई उपकरण उपलब्ध करवाए जाएं और ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर गुरुवार को राय, सोनीपत, मुंडलाना और गन्नौर ब्लॉक के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने डीसी कार्यालय पर धरना देकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता चांद ने की, जबकि संचालन जिला सचिव राजेश टंकी ने किया। कर्मचारियों ने सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक धरना दिया, जो शुक्रवार को भी जारी रहेगा।

धरने को संबोधित करते हुए सीटू के वरिष्ठ नेता सिल्क राम मलिक और सदानंद सोलंकी ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी वर्ष 2008 में भर्ती किए गए थे और वे गांवों में सफाई, नालियों और गलियों की देखरेख का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने दिसंबर 2025 में फैसला सुनाते हुए 10 वर्ष से अधिक सेवा पूरी कर चुके कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने के आदेश दिए थे, लेकिन अभी तक आदेश लागू नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद कर्मचारियों का वेतन भी संशोधित नहीं किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा 25 अक्टूबर 2025 को जींद रैली में घोषित 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन की घोषणा भी लागू नहीं हुई। कर्मचारियों ने मांग की कि नियमित होने तक 26 हजार रुपये वेतन दिया जाए, हर माह 7 तारीख से पहले वेतन जारी किया जाए, सफाई उपकरण उपलब्ध करवाए जाएं और ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएं। धरने को समर्थन देने वालों में 21 वार्ड की नवनिर्वाचित पार्षद दीपमाला के परिवार से जिला पार्षद संजय बड़वासनिया, जयवीर राठी, ऋतुराज, रामकरण पटवारी, राजेश रसोई, जसमेर, नरेंद्र, मुकेश, आजाद, देवेंद्र सीतावली, मास्टर नफे सिंह मलिक और आनंद हुड्डा सहित कई कर्मचारी नेता शामिल रहे।


सोनीपत। लघु सचिवालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

# मानसून से पहले बाढ़ प्रबंधन कार्य पूरे करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

उपायुक्त नेहा सिंह ने आगामी मानसून सीजन को देखते हुए जिला में बाढ़ प्रबंधन और जल निकासी संबंधी कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। बाढ़ प्रबंधन कार्यों की समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यमुना नदी, नहरों, ड्रेनों और जल निकासी मार्गों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा कमजोर तटबंधों की मरम्मत समय रहते पूरी हो। उपायुक्त ने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्रों में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी की निकासी के लिए लगाए गए सभी पम्पिंग सेट पूरी तरह दुरुस्त रहें और जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। नगर निगम और सिंचाई विभाग को ड्रेनों की सफाई और निकली मिट्टी का तुरंत उठान करवाने के निर्देश भी दिए गए।

नेहा सिंह ने पिछले वर्ष जलभराव और पेयजल संकट वाले क्षेत्रों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने को कहा। साथ ही हीट वेव को देखते हुए सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और गांवों में पीने के पानी, छाया और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त नीरज चोपड़ा, एसडीएम सुभाष चंद्र, प्रवेश कादियान, अंकित कुमार, अमित, एसीपी मलकित सिंह और डीआरओ सुशील शर्मा मौजूद रहे।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## डिलीवरी हब संचालक पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**गन्नौर।** ई-कामर्स डिलीवरी कंपनी शैडोफैक्स टेक्नोलाजीज लिमिटेड ने गन्नौर स्थित अपने डिलीवरी हब संचालक पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी, कंपनी के पार्सल हड़पने, साक्ष्य नष्ट करने और आपराधिक विश्वासघात के आरोप लगाए हैं। मामले में कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि कपिल ने बड़ी थाना पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

## रमेश की मौत के मामले में हत्या की धारा जुड़ी

**गन्नौर।** राजपुर गांव में रमेश की मौत के मामले में पहले दर्ज हत्या के प्रयास के मुकदमे में अब हत्या की धारा जोड़ दी है। थाना बड़ी पुलिस को दी शिकायत में असावरपुर, मुरथल की रहने वाली सुनीता ने बताया था कि उसका भाई रमेश गांव राजपुर में अकेला रहता था। आरोप है कि 12 मई की रात उसका चचेरा भाई राजेश अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर में घुस आया और रमेश पर कुल्हाड़ी व डंडों से हमला कर दिया। हमले में रमेश के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं।

## संचालक पर दो मामलों में कार्रवाई, अपराधी घोषित

**खरखौदा।** न्यायालय में पेश न होने पर शिवम कार बाजार के संचालक पंकज के खिलाफ थाना खरखौदा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया हैं। न्यायालय द्वारा आरोपी को घोषित अपराधी किए जाने के बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। श्रीनिवास बनाम शिवम कार बाजार तथा बिजेंद्र सिंह बनाम शिवम कार बाजार मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आरोपी पंकज निवासी नंद विहार कॉलोनी, पानीपत के खिलाफ उद्घोषणा जारी की थी।

## स्कूल से एलसीडी व स्मार्ट बोर्ड चोरी मामले में काबू

**सोनीपत।** थाना सदर सोनीपत पुलिस ने सरकारी स्कूल बरवासनी से एलसीडी और स्मार्ट बोर्ड की बैटरी चोरी करने के मामले में एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने बालक को उसके परिजनों की मौजूदगी में काबू किया और बाद में बाल न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे ऑब्जर्वेशन होम अंबाला भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 13 मई 2026 को सरकारी स्कूल बरवासनी की प्रिंसिपल ने शिकायत दी थी।

## स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू रोकथाम को लेकर तेज की निगरानी

**डेंगू के प्रति सतर्कता शुरू**

# जिले में डेंगू के 5 मरीज आए सामने 166 टीमें घर-घर जाकर जांच में जुटीं

*प्रभावित क्षेत्रों में फॉगिंग और एंटी लार्वा अभियान जारी, कुंडली में दो, पुरखास में एक, बड़वासनी एक, गोहाना के घड़वाल में एक मरीज मिला*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिले में डेंगू के अब तक 5 मरीज सामने आ चुके हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू की रोकथाम के लिए न केवल सतर्कता बढ़ाई है, बल्कि लोगों में जागरूकता लाने के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं। डेंगू मच्छरों के लार्वा का पता लगाकर उन्हें नष्ट करने व दवा का छिड़काव का कार्य तेज कर दिया गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि जिन क्षेत्रों में डेंगू के मरीज मिल रहे हैं, उन क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि इनकी रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अब तक जिले के कुंडली में डेंगू के दो, पुरखास में एक, बड़वासनी एक, गोहाना के घड़वाल में एक मरीज मिला है। इन मरीजों के उपचार की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने जिले के हॉट स्पाट क्षेत्रों की पहचान कर वहां निगरानी बढ़ा दी है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए 166 विशेष टीमें गठित की गई हैं। इनमें से 160 टीमें ग्रामीण अंचल और छह टीमें शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर लारवा सर्वे कर रही हैं। टीत प्रभावित क्षेत्रों में फॉगिंग व एंटी लार्वा अभियान में जुटी है।



**सोनीपत।** ग्रामीण क्षेत्र के एक घर में पानी से भरे बर्तनों में डेंगू लारवा की जांच करते टीम सदस्य।

### वर्ष 2025 में सीएचसी पर मरीजों की स्थिति

| सीएचसी | डेंगू | सीएचसी | डेंगू | सीएचसी | डेंगू |
|---|---|---|---|---|---|
| शहरी सोनीपत | 43 | गोहाना | 22 | खरखौदा | 10 |
| जुआं | 06 | भैंसवाल कलां | 12 | फिरोजपुर बांगर | 16 |
| मुंडलाना | 07 | गन्नौर | 09 | बढ़खालसा | 04 |
| | | पुरखास | 07 | हलालपुर | 01 |

### यह सावधानी आवश्यक

- कूलर, गमलों और पुराने टायरों का पानी सप्ताह में एक बार जरूर बदलना जाए।
- सभी पूरी बाजू के कपड़े पहनें और सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।
- यदि दो दिन से अधिक बुखार आ रहा है, तो स्वयं डॉक्टर बनने के बजाय सरकारी अस्पताल में मुफ्त जांच कराएं।
- लोगों से साफ-सफाई रखने और सावधानी बरतने की अपील, डेंगू के लक्षण मिलने पर तुरंत जांच कराने की सलाह।

### विभिन्न बीमारियों पर साल दर साल नजर

| बीमारी | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 | 2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| मलेरिया | 01 | 00 | 13 | 11 | 15 |
| डेंगू | 1013 | 317 | 332 | 513 | 167 |
| चिकनगुनिया | 10 | 02 | 00 | 02 | 05 |

### विभाग सतर्क

स्वास्थ्य विभाग ने जिले में डेंगू को लेकर सर्तकता बरतना शुरू कर दिया है। जिले में 166 टीमें सक्रिय हैं, जो डेंगू लार्वा की पहचान कर उसे मौके पर नष्ट कर रही हैं। डेंगू के हाटस्पाट एरिया पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर शनिवार को जागरूकता वैन को भी रवाना किया जाएगा। यह वैन गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेगी।

**-डॉ. योगेश गोयल,** नोडल अधिकारी, डेंगू एवं मलेरिया, सोनीपत

### आज रवाना होगी जागरूकता वैन

राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर शनिवार को सिविल सर्जन कार्यालय की ओर से जागरूकता वैन का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. अनुराधा जैन वैन को हरी झंडी दिखाकर वैन का रवाना करेंगी। यह जागरूता वैन कॉलोनियों व ग्रामीण अंचल में जाकर लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक करेगी। साथ ही लोगों को जागरूक किया जाएगा कि वह सप्ताह में एक दिन सूखा दिवस के रूप में मनाएं। इसके तहत कूलर, गमलों, पुराने टायरों व पक्षियों के पानी के बर्तनों को पूरी तरह खाली कर सुखाया जाए। वहीं विभाग की निगरानी खासकर उन क्षेत्रों पर भी रहेगी, जहां पर पिछले वर्ष डेंगू के अधिक मामले सामने आए थे। योजना को सिरे चढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से पूरी तैयारियां कर ली गई हैं।

### कहीं बार-बार लारवा मिला तो होगी सख्त कार्रवाई

जिला नागरिक अस्पताल और खानपुर कलां मेडिकल कालेज में निशुल्क डेंगू की जांच व उपचार की पुख्ता व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती के साथ फील्ड टीमें अब सीधे जनता के बीच जाकर स्वच्छता का संदेश दे रही हैं। विभाग के निर्देशानुसार यदि किसी घर में डेंगू का बार-बार लारवा पाया जाता है, तो विभाग की ओर से सख्त कार्रवाई करते हुए संबंधित को नोटिस जारी किया जाएगा। पिछले वर्ष जिले में डेंगू के 167 मामले सामने आए थे, जबकि इस वर्ष अब तक केवल 5 केस मिले हैं। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए फॉगिंग और लारवा रोधी गतिविधियों को तेज कर दिया गया है।

## चुनाव खत्म होते ही भाजपा ने दिखाए तेवर महंगाई का चाबुक चलाया: कमल दिवान

- पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दाम बढ़ाकर भाजपा ने जनता की जेब पर डाला बोझ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत



पश्चिमी बंगाल व प्रदेश के तीन जिलों में चले चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होते ही भारतीय जनता पार्टी ने अपना असली जनविरोधी चेहरा दिखाना शुरू कर दिया है। यह आरोप कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों में हुई बढ़ोतरी पर कड़ा प्रहार करते हुए लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव तक अच्छे दिन का ढोल पीटने वाली भाजपा ने वोट गिरते ही जनता की जेब पर डाका डालना शुरू कर दिया है। कमल दिवान ने कहा कि भाजपा सरकार केवल इवेंट और विज्ञापनों की सरकार है। चुनाव के दौरान जनता को लुभाने के लिए तेल की कीमतों को स्थिर रखा गया, लेकिन जैसे ही ईवीएम में वोट बंद हुए, भाजपा ने अपने तेवर बदल लिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के दाम बढ़ने से सीधे तौर पर मध्यम वर्ग और गरीब परिवार प्रभावित होंगे। डीजल के दाम बढ़ने का मतलब है माल ढुलाई महंगी होना, जिसका सीधा असर रसोई के बजट पर पड़ेगा। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने चेतावनी देते हुए कहा कि तेल की कीमतों में यह वृद्धि केवल ईंधन तक सीमित नहीं रहेगी। इसके कारण आने वाले दिनों में फल, सब्जियां, दूध और अन्य खाद्य सामग्री के दाम आसमान छुएंगे। उन्होंने कहा भाजपा ने जनता पर भारी आर्थिक बोझ डाल दिया है। एक तरफ बेरोजगारी चरम पर है, वहीं दूसरी तरफ महंगाई का यह तड़का आम आदमी की थाली से निवाला छीनने का काम कर रहा है। कमल दिवान ने अंत में कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा की इस तानाशाही और जनविरोधी नीतियों को बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि बढ़ी हुई कीमतों को तुरंत वापस नहीं लिया गया, तो कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के हक के लिए सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने मांग की कि सरकार पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाए ताकि आम जनता को स्थायी राहत मिल सके।

## भाजपा की जीत पर मिठाई खिलाकर दी बधाई



**राई।** नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला उपाध्यक्ष मनोज त्यागी ने नव-निर्वाचित मेयर और पार्षदों को जीत की बधाई दी। इस अवसर पर मनोज त्यागी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता माईराम कौशिक के आवास पर पहुंचकर उन्हें मिठाई खिलाई और भाजपा की शानदार जीत पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रदेश सरकार की जनहितकारी नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। मनोज त्यागी ने कहा कि नगर निगम चुनाव में मिली यह ऐतिहासिक सफलता जनता के भाजपा पर बढ़ते विश्वास को दर्शाती है।

## 56 छात्रों में से 31 मेधावियों ने हासिल की मेरिट

**गोहाना।** कटवाल गांव स्थित सरस्वती विद्या वमावि के विद्यार्थियों ने एचबीएसई कक्षा 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। परीक्षा में विद्यालय के कुल 56 विद्यार्थियों में से 31 ने मेरिट हासिल की और 19 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी जबकि 6 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उतीर्ण हुए। विद्यालय के प्राचार्य उधम सिंह वशिष्ठ ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। परीक्षा में कीर्ति पुत्री शमशेर व पलक मलिक पुत्री राजेश कुमार भैंसवाल कलां दोनों छात्राएं 461 अंकों के साथ विद्यालय में टॉपर रहीं। कीर्ति ने संस्कृत और पलक ने विज्ञान विषय में सौ में से पूरे सौ अंक प्राप्त किए।





**गन्नौर।** विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह व शिक्षक मेधावी छात्रों के साथ ।

## एचके सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार

**गन्नौर।** गांव कुराड़ इब्राहिमपुर स्थित एचके सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह आंतिल ने बताया कि छात्र योगेश पुत्र रोहताश ने 490 में से 500 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं छात्र दिवाकर पुत्र दिवस कुमार पांडेय ने 481 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा छात्र देव पुत्र मिंटू ने 455 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य कुलदीप सिंह आंतिल ने कहा कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह सफलता संभव हो पाई है।

## रौनक स्कूल में हुई अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता



**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल मे अंतर-सदन अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता' हुई। प्रतियोगिता में चारों सदनों के विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने तर्क और विचार प्रस्तुत किए। कड़े मुकाबले के बाद विवेक हाउस ने प्रथम, ध्येय हाउस ने द्वितीय और शौर्य हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अपने बेहतरीन वाक-कौशल के दम पर ध्येय हाउस की चित्रांगी को 'सर्वश्रेष्ठ वक्ता' चुना गया। विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने कहा वाद-विवाद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में तार्किक सोच और प्रभावी संवाद कौशल को विकसित करने का सबसे बेहतरीन माध्यम हैं। आज सभी प्रतिभागियों ने जिस परिपक्वता के साथ अपनी बात रखी, वह सराहनीय है प्रधानाचार्य द्वारा सभी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

## नगर निगम चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर दी बधाई

- मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक व आशीष त्यागी ने दी बधाई

**गन्नौर।** नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशीष त्यागी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली को बधाई देते हुए इसे जनता के विश्वास और भाजपा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जीत बताया। योगेश कौशिक ने कहा कि नगर निगम चुनाव के परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विकासवादी सोच पर पूर्ण विश्वास जता रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के नेतृत्व में संगठन लगातार मजबूत हुआ है और कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर तक मेहनत कर पार्टी को ऐतिहासिक विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आशीष त्यागी ने कहा कि यह जीत भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और जनता के आशीर्वाद का परिणाम है।




**गन्नौर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक व आशीष त्यागी बधाई देते हुए।

## गन लाइसेंस, वीजा और प्लॉट दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला तीसरा आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट (सीआईए-1) सोनीपत पुलिस ने गन लाइसेंस बनवाने, वीजा लगवाने और प्लॉट दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राहुल निवासी गांव अलीपुर जिला गुरुग्राम का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार गांव टांडा निवासी प्रहलाद ने जनवरी 2025 में थाना सिविल लाइन में शिकायत दी थी कि रोहित और हरिश ने उसे विश्वास में लेकर गन लाइसेंस, पेट्रोल पंप में नौकरी, कनाडा वीजा और प्लॉट दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ठग लिए। आरोपितों ने फर्जी गन लाइसेंस आवेदन स्लिप भी भेजी थी। जांच में पता चला कि कई अन्य लोगों से भी इसी तरह ठगी की गई। मामले में मुख्य आरोपित रोहित और हरिश को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## प्रशिक्षण महा अभियान पट्टी कल्याणा में होगा

**गोहाना।** शुक्रवार को जिला गोहाना भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला गोहाना कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने बताया कि 16 और 17 मई को जिला पानीपत के पट्टी कल्याणा गांव में प्रशिक्षण महाअभियान के तहत जिला गोहाना के भाजपा कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बिजेंद्र मलिक ने प्रशिक्षण शिविर से संबंधित सभी तैयारियों की समीक्षा करके कार्यकताओं की ड्यूटियां लगाई। इस मौके पर जिला महामंत्री महेन्द्र चिड़ाना, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, डॉ. रमेश कश्यप, परमवीर सैनी, प्रदीप बड़वासनी, नरेंद्र गहलावत, सरपंच पवन शर्मा, मुकेश रोहिल्ला, भूपेंद्र मुदगिल, डॉ. राममेहर राठी, अशोक सेन, संजय दहिया, सरपंच इंद्रपाल, नरेश खानपुर, कुलदीप कौशिक, प्रवीण खुराना, शेर सिंह बेडवाल, नीलम, निशा सांगवान, सोनिया सेन, सुनील शर्मा, निर्मला वर्मा, देवेंद्र दहिया और रामबीर पांचाल आदि उपस्थित रहे।

## ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर ठगे 4.69 लाख

**सोनीपत।** शेयर बाजार और आईपीओ में मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर साइबर आरोपितों ने सेक्टर-12 निवासी युवक से 4.69 लाख रुपये की ठगी कर ली। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित शशांक ने पुलिस को बताया कि 6 अप्रैल को उसे "टीसीएस ट्रेडिंग क्लब" नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था। ग्रुप में शेयर बाजार की जानकारी और निवेश संबंधी प्रशिक्षण देने का दावा किया जा रहा था। शुरुआत में उसे संदेह हुआ और उसने ग्रुप छोड़ दिया, लेकिन दोबारा जोड़ने पर वह जानकारी लेने के उद्देश्य से उसमें बना रहा। शशांक के अनुसार ग्रुप में चंद्रप्रकाश नामक व्यक्ति खुद को बड़ी निवेश कंपनी से जुड़ा बताकर रोजाना शेयर बाजार से संबंधित टिप्स देता था। बाद में मीरा अय्यर नाम की महिला ने संपर्क कर संस्थागत ट्रेडिंग और आईपीओ में निवेश पर प्रतिदिन 10 से 20 प्रतिशत तक मुनाफा होने का दावा किया।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

## पीएमश्री राजकीय विद्यालय के 60 छात्र एनसीसी कैडेट के रूप में चयनित



**खरखौदा।** 12 हरियाणा एनसीसी बटालियन द्वारा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा में एनसीसी कैडेट चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। एनसीसी अधिकारियों ने विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता, अनुशासन, परेड और सामान्य योग्यता का परीक्षण किया। सभी चरण पूरे होने के बाद कुल 60 छात्रों का एनसीसी के लिए चयन किया गया। इस अवसर पर चीफ आफिसर जितेंद्र कुमार, सूबेदार सतीश यादव और हवलदार विकास कुमार मौजूद रहे। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को एनसीसी के महत्व, अनुशासन और देश सेवा की भावना के बारे में जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधन ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनसीसी छात्रों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना विकसित करती है।

## शिवालिक पब्लिक स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**गन्नौर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में खेड़ी गुर्जर रोड स्थित शिवालिक पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश पहल ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रा कनिका और काजल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं छात्रा प्राची ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा छात्र रोहित ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त वंश, आरुषि, मानसी, सारा, गुनगुन, लावण्या, महक, भावना, कुणाल और हर्ष सहित कई विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

## सीबीएसई 12वीं परीक्षा में शाश्वत चेतना विद्यालय का शानदार प्रदर्शन



**गन्नौर।** मेधावी छात्र प्रधानाचार्य सिद्धार्थ शर्मा, निदेशक दर्शन शर्मा तथा उपप्रधानाचार्या डॉ. प्रीति शर्मा के साथ।

**गन्नौर।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में शाश्वत चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गन्नौर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य सिद्धार्थ शर्मा, निदेशक दर्शन शर्मा तथा उपप्रधानाचार्या डॉ. प्रीति शर्मा ने बताया कि छात्रा प्रिया ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं भूमि ने 92.4 प्रतिशत, दीप्ति ने 91.8 प्रतिशत, हिमानी ने 91.2 प्रतिशत तथा रिया ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष विद्यालय में कुल 28 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जबकि 24 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

## खाद्य सामग्री भी होंगी महंगी, लोगों की जेबों पर पड़ेगा असर

# पेट्रोल-डीजल के दामों में 3 रुपये की बढ़ोतरी से महंगा होगा सफर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

वैश्विक स्तर पर बढ़ती महंगाई व पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच केंद्र सरकार ने मार्च माह में पेट्रोल व डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में भारी कटौती कर आम जनता को बड़ी राहत दी है, वहीं प्रदेश में अब पहली बार एक साथ पेट्रोल व डीजल के दामों में 3 रुपये की बढ़ोतरी कर लोगों को बड़ा झटका दिया है। सोनीपत जिले में शुक्रवार से पेट्रोल के दाम 95.39 से बढ़कर 98.39 रुपये व डीजल के दाम 87.84 से बढ़कर 90.84 रुपये पहुंच गए हैं। पेट्रोल-डीजल के अभी और दाम बढ़ने के भी कयास लगाए जा रहे हैं। इससे पहले 6 मई को सीएनजी के दाम 80 पैसे बढ़कर 89 रुपये प्रति किलो पहुंच गए हैं। तेल के दाम बढ़ने से वाहन चलाने के साथ महंगाई की दर भी बढ़ती नजर आ रही है। आगामी दिनों में पेट्रोलियम पदार्थों के बढ़े दामों का आम जनजीवन और उसकी जेब पर खासा असर पड़ सकता है।





**सोनीपत।** कालूपुर चुंगी स्थित पंप पर दोपहिया वाहनों में पेट्रोल भरवाने के लिए लाइन में लगे वाहन चालक, रोहतक रोड स्थित पंप पर पेट्रोल-डीजल का स्टॉक चेक करते प्रबंधन।

### जिले में 222 पंपों पर पेट्रोल-डीजल खपत का रिकॉर्ड दर्ज

इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम व रिलायंस के करीब 222 पेट्रोल पंपों का संचालन हो रहा हैं। इन विभिन्न ऑयल कंपनियों के फिलिंग स्टेशनों पर रोजाना की खपत तय है। जिले में रोजाना इंडियन ऑयल के पंपों पर 155 लीटर पेट्रोल, 384 लीटर डीजल की खपत है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम पर 1.10 लाख लीटर पेट्रोल, 2.41 लाख लीटर डीजल, भारत पेट्रोलियम के पंपों पर 68500 लीटर पेट्रोल व 1.80 लाख लीटर डीजल, रिलायंस पर 25.16 लीटर पेट्रोल व 75.7 लीटर डीजल की खपत होने का रिकॉर्ड दर्ज है। कंपनियां 14 मई वीरवार को इंडियन ऑयल के पंपों पर 1050 लीटर पेट्रोल, 1460 लीटर डीजल की आपूर्ति की थी। इसी प्रकार हिंदुस्तान पेट्रोलियम पर 9.36 लाख लीटर पेट्रोल, 12.75 लाख लीटर डीजल, भारत पेट्रोलियम पर 3.61 लाख लीटर पेट्रोल व 6.10 लाख लीटर डीजल, रिलायंस पर 120.30 लीटर पेट्रोल व 237.76 लीटर डीजल की आपूर्ति की गई है।



घर व अन्य कार्यों के लिए वाहन का प्रयोग करना पड़ता है। वाहनों के होने से काम में सुविधा तो मिल रही है, लेकिन पेट्रोल के दामों ने जेब पर काफी बोझ डाल दिया है। **-योगेश, शहजादपुर**



पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से अन्य सामान के दाम जल्द बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इससे परिवार का गुजारा करना मुश्किल हो जाएगा। **-सुनील, हरसाना**



वर्तमान में खर्च बढ़ने से परिवार का गुजारा करना मुश्किल होता जा रहा है। हर व्यक्ति को सामान लाने-ले जाने के लिए बाइक की जरूरत होती है। कुछ दिन से बाइक का प्रयोग बहुत ही कम किया हुआ है। काम काफी कम चल रहा है। **-पवन खुराना, मॉडल टाउन**



दिन-प्रतिदिन महंगाई इतनी बढ़ती जा रही है, जिससे आमजन का जीना दूभर हो गया है। महंगाई लोगों की कमर तोड़ रही है। सरकार को महंगाई पर अंकुश लगाना चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। **-अमित कुमार, ओल्ड डीसी रोड**

### बढ़ाई गई दर शुक्रवार से लागू कर दी गई है

पेट्रोल-डीजल के दामों में ऊपर से ही बढ़ोतरी की गई है। सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल पर 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ाई गई दर शुक्रवार से लागू कर दी गई है। जिले में ज्यादातर पेट्रोल पंपों पर रोजाना की सप्लाई हो रही है। जिसका अगले दिन वितरण किया जा रहा है। फिलहाल तेल संबंधी कोई किल्लत नहीं है।

**-प्रविंदर खत्री,** प्रधान, पेट्रोल पंप एसोसिएशन, सोनीपत